To Release the Tube well Connections

***58 Smt. RENU BALA (Sadhaura):**

Will the Energy Minister be pleased to state: -

a) whether it is a fact that the demand notice has been issued by the Uttar Haryana Bijli Vitran Nigam Ltd. to the farmers from the year 2019 to 2021 as a result of which the farmers have deposited 30-30 thousand rupees to the department but no tubewell connection has been released to the farmers so far; and

b) if so, the time by which the said tubewell connections are likely to be released?

The following reply is submitted:

Sh. Ranjit Singh, Energy Minister

a) Yes, Sir. As per approval of the Govt., UHBVN has issued Sales Circular No. U-06/2023 dated 25.05.2023 to the field offices for issuing demand notices to the applicants who have applied tubewell connections during 01.01.2019 to 31.12.2021. Of the 11119 number demand notices issued, 5634 applicants have deposited the consent money of Rs. 30,000/- as on 10.08.2023. Out of 5634 No. applicants who have deposited consent money of Rs.30,000/-, 19 No. applicants have deposited full cost of infrastructure.

b) New tubewell connections shall be released to the applicants responding to the demand notices based upon village wise seniority, once they deposit the cost of electrical infrastructure and fulfill other terms & conditions such as installation of 3 star rated motor pumpset and micro-irrigation/UGPL system, the UHBVN is going to issue NIT for release of these tubewell connections soon. All the tubewell connections are likely to be given by March, 2024.

ट्यूबवैल कनैक्शन जारी करना

*58 श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बतायेंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2019 से 2021 तक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा किसानों को डिमांड नोटिस जारी किया गया है जिसके परिणामस्वरूप किसानों द्वारा विभाग को 30-30 हजार रूपये जमा करवाए गए हैं परन्तु किसानों को अब तक ट्यूबवैल के कनैक्शन जारी नहीं किये गए; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त ट्यूबवैल कनैक्शन कब तक जारी किये जाने की संभावना है?

निम्नलिखित उत्तर प्रस्तुत हैः

श्री रणजीत सिंह, ऊर्जा मंत्री

(क) हाँ, श्रीमान जी। सरकार की स्वीकृति के अनुसार, यूएचबीवीएन ने 01.01.2019 से 31.12.2021 के दौरान ट्यूबवैल कनैक्शन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को डिमांड नोटिस जारी करने के लिए फील्ड कार्यालयों को बिक्री परिपत्र संख्या यू-06/2023 दिनांक 25.05.2023 से दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी किए गए 11119 डिमांड नोटिसों में से, 5634 आवेदकों ने 10.08.2023 तक 30,000/-रुपये की सहमति राशि जमा करवा दी है। 5634 आवेदकों में से जिन्होंने 30,000/- रुपये की सहमति राशि जमा करवा दी है 19 आवेदकों ने बुनियादी ढांचे की पूरी लागत जमा करवा दी है।

(ख) नए ट्यूबवैल कनैक्शन गांव-वार वरिष्ठता के आधार पर डिमांड नोटिस का जवाब देने वाले आवेदकों को जारी किए जाएंगे, जैसे ही वे बिजली के बुनियादी ढांचे की लागत जमा कर देंगे तथा अन्य नियम और शर्तों जैसे कि 3 स्टार रेटिड मोटर पंपसेट और सूक्ष्म सिंचाई/यूजीपीएल प्रणाली की स्थापना को पूरा करेंगे, यूएचबीवीएन जल्द ही इन ट्यूबवैल कनैक्शनों को देने के लिए एनआईटी जारी करने जा रहा है। सभी ट्यूबवैल कनैक्शन मार्च, 2024 तक दिए जाने संभावित है।